Download

UPSC IAS Mains

2019

Optional Exam Paper

"Commerce and Accountancy - Paper 1"

"Held on 29-09-2019"

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

CS (Main) Exam 2019

वियोज्य DETACHABLE

वाणिज्य व लेखाविधि (प्रश्न-पत्र I)
COMMERCE AND ACCOUNTANCY (Paper I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे Time Allowed : Three Hours	अधिकतम अंक : 250 Maximum Marks : 250

प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो **दो खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।

यदि आवश्यक हो, तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए, तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए ।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।

QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Questions No. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Assume suitable data, if considered necessary, and indicate the same clearly.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

खण्ड 'A' SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :
Answer the following in about 150 words each :

1.(a) स्पष्ट कीजिए कि किस कारण कंपनियां अपने स्वयं के शेयर खरीद लेती हैं । यह बोनस शेयरों के निर्गम से किस प्रकार भिन्न है ?
Explain why the companies buy back their own shares. How is it different from issue of bonus shares ? 10

1.(b) राजस्व की मान्यता दो बुनियादी समस्याओं को प्रस्तुत करती है यथा 'समय निर्धारण' तथा 'मापन' । क्या आप सहमत हैं ? आप इन दो बुनियादी समस्याओं को किस प्रकार हल करेंगे ?
"Recognition of revenue presents two basic problems, namely timing and measurement". Do you agree ? How would you solve these two basic problems ? 10

1.(c) आप किराए पर दी जाने वाली ऐसी मकान संपत्ति का वार्षिक मूल्य किस प्रकार निर्धारित करेंगे जो पिछले वर्ष के कुछ समय खाली रही हो ?
What do you understand by the term Annual Value of house property ? How would you determine the annual value of let out house property which remained vacant for part of previous year ? 10

1.(d) उपयुक्त उदाहरणों के साथ स्पष्ट कीजिए कि 'काम बन्दी लागत' 'डूबी लागत' से किस प्रकार भिन्न होती है ।
Explain with suitable examples how 'Shut-down Cost' is different from 'Sunk Cost'. 10

1.(e) ऐसे पांच प्रमुख बिंदुओं को स्पष्ट कीजिए, जिन को पुण्यार्थ न्यास की लेखापरीक्षा करते समय लेखापरीक्षक को ध्यान में रखना चाहिए ।
Explain five major points that an auditor shall keep in mind while conducting audit of a Charitable Trust. 10

2.(a) सन लिमिटेड और मून लिमिटेड का समामेलन 1 अप्रैल, 2019 को और उसी तारीख से प्रभावी किया गया । दोनों कंपनियों के कारोबार को संभालने के लिए 'ब्लैक होल लिमिटेड' के नाम से एक नई कंपनी बनाई गई । 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार, सन लिमिटेड और मून लिमिटेड के तुलनपत्र नीचे दिए गए हैं :

(₹ लाख में)

विवरण	सन लिमिटेड	मून लिमिटेड
(A) *दायित्व* :		
(i) शेयर पूँजी :		
ईक्विटी (₹100 प्रत्येक)	2,000	1,600
15% अधिमानी शेयर (प्रत्येक ₹100 का)	800	600
(ii) पुनर्मूल्यांकन आरक्षित	200	160
(iii) सामान्य आरक्षित	400	300
(iv) अधिशेष खाता	160	120
(v) 12% ऋण-पत्र (प्रत्येक ₹100 का)	192	160
(vi) चालू दायित्व	408	190
	4,160	3,130

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

(B) *परिसंपत्तियां* :

(i) स्थायी परिसंपत्तियां	2,400	2,000
(ii) चालू परिसंपत्तियां, ऋण तथा अग्रिम	1,760	1,130
	4,160	3,130

अतिरिक्त सूचनाएं :

(1) सन लिमिटेड और मून लिमिटेड के अधिमानी शेयरधारियों ने नई कम्पनी में ₹100 प्रति के 15% अधिमानी शेयर बराबर-बराबर संख्या में प्राप्त किए हैं।

(2) नई कंपनी ने सन लिमिटेड और मून लिमिटेड के 12% डिबेंचरों को नयी कम्पनी के पर्याप्त संख्या में 16% ऋण-पत्र, ₹100 प्रति जारी करके निपटाया गया ताकि उनको उतनी ही ब्याज की रकम मिलती रहे।

(3) ब्लैक होल लिमिटेड ने सन लिमिटेड के प्रत्येक ईक्विटी शेयर के लिए 1·5 ईक्विटी शेयर तथा मून लिमिटेड के प्रत्येक ईक्विटी शेयर के लिए एक ईक्विटी शेयर जारी किया। ब्लैक होल लिमिटेड का प्रत्येक शेयर ₹100 अंकित मूल्य का है।

आपको "हित के संग्रहण की विधि" का प्रयोग करके समामेलन किए जाने के पश्चात 01 अप्रैल 2019 को ब्लैक होल लिमिटेड का तुलन-पत्र तैयार करना है।

Sun Ltd and Moon Ltd were amalgamated on and from April 01, 2019. A new company called Black-Hole Ltd was formed to take over the business of the above two companies. The balance sheets of Sun Ltd and Moon Ltd as on March 31, 2019 are given below :

(₹ in lakhs)

Particulars	**Sun Ltd**	**Moon Ltd**
(A) *Liabilities* :		
(i) Share Capital :		
Equity shares of ₹100 each	2,000	1,600
15% preference shares of ₹100 each	800	600
(ii) Revaluation Reserve	200	160
(iii) General Reserve	400	300
(iv) Surplus Account	160	120
(v) 12% Debentures of ₹100 each	192	160
(vi) Current Liabilities	408	190
	4,160	3,130
(B) *Assets* :		
(i) Fixed Assets	2,400	2,000
(ii) Current Assets, Loans and Advances	1,760	1,130
	4,160	3,130

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

Additional Information :

(1) Preference shareholders of Sun Ltd and Moon Ltd have received the same number of 15% preference shares of ₹100 each in the new company.

(2) 12% Debentures of Sun Ltd and Moon Ltd are discharged by the new company by issuing adequate number of 16% Debentures of ₹100 each to ensure that they continue to receive the same amount of interest.

(3) Black-Hole Ltd has issued 1·5 Equity shares for each Equity share of Sun Ltd and 1 Equity share for each Equity share of Moon Ltd. The face value of shares issued by Black-Hole Ltd is ₹100 each.

You are required to prepare the balance sheet of Black-Hole Ltd as on April 01, 2019 after the amalgamation has been carried out using the "Pooling of Interest Method". 20

2.(b) दो विनिर्माण कंपनियां जिनके प्रचालन ब्यौरे निम्नलिखित हैं, विलय होने का निर्णय करती है :

विवरण	कम्पनी एक्स	कम्पनी वाई
क्षमता उपयोग	90%	60%
बिक्री (₹ लाख में)	540	300
परिवर्ती लागत (₹ लाख में)	396	225
नियत लागत (₹ लाख में)	80	50

यह मानते हुए कि प्रस्ताव कार्यान्वित किया जाता है, परिकलन कीजिए :

(i) विलयित संयंत्रों की संतुलन-स्तर बिक्री और उस स्तर पर क्षमता का उपयोग ।

(ii) 80% क्षमता उपयोग पर विलयित संयंत्र की लाभकारिता ।

(iii) ₹ 75 लाख का मुनाफा अर्जित करने के लिए विलयित संयंत्र की बिक्रियां ।

(iv) जब विलयित संयंत्र ₹ 75 लाख के मुनाफे को अर्जित करने की क्षमता पर प्रचालित हो, तब नियत उपरिव्यय में 5% की वृद्धि को बनाए रखने के लिए बिक्री कीमत में कितनी प्रतिशतता वृद्धि की आवश्यकता होगी ?

Two manufacturing companies which have the following operating details, decide to merge :

Particulars	Company X	Company Y
Capacity Utilization	90%	60%
Sales (₹ in lakh)	540	300
Variable Cost (₹ in lakh)	396	225
Fixed Cost (₹ in lakh)	80	50

Assuming that the proposal is implemented, calculate :

(i) Break-even sales of the merged plants and capacity utilization at that stage.

(ii) Profit of the merged plant at 80% capacity utilization.

(iii) Sales of the merged plant to earn a profit of ₹ 75 lakh.

(iv) When the merged plant is working at a capacity to earn a profit of ₹ 75 lakh, what percentage increase in selling price is required to sustain an increase of 5% in fixed overhead. 15

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

2.(c) चर्चा कीजिए कि आयकर प्रयोजनों के लिए निर्धारिती की आवासीय स्थिति किस प्रकार निर्धारित की जाती है ।

Discuss how the residential status of an assessee is determined for income tax purposes ? 15

3.(a) श्रीमान एक्स लुधियाना में सरकारी कर्मचारी हैं और उनकी प्राप्तियाँ निम्नलिखित हैं :

(i) वेतन – 30,000 ₹ प्रतिमाह

(ii) महँगाई भत्ता (जो उनके सेवा संबंधी लाभों में शामिल होता है) – वेतन का 60%

(iii) अधिसूचित पेंशन योजना में अंशदान – 3,000 ₹ प्रतिमाह

(iv) पेंशन योजना में नियोक्ता का अंशदान – 3,000 ₹ प्रतिमाह

(v) उनके निवास से कार्यालय तक आने जाने का परिवहन भत्ता – 2,800 ₹ प्रतिमाह

(vi) प्रतिनियुक्ति भत्ता (दो महीने के लिए) – 3,000 ₹ प्रतिमाह

(vii) सत्कार भत्ता – 2,000 ₹ प्रतिमाह
(वर्ष भर में उन्होंने आफिस के अतिथियों पर 12,000 ₹ व्यय किए)

(viii) उन्हें निःशुल्क निवास की सुविधा दी गई है । उक्त निवास की लाइसेन्स फीस 2,000 ₹ प्रतिमाह निर्धारित की गई है । सरकार ने उसे एक लाख ₹ मूल्य का फर्नीचर उसके निजी उपयोग हेतु दिया है जिसका अपलिखित मूल्य 75,000 ₹ है ।

(ix) उन्हें 01.10.2018 से एक नौकर और चौकीदार की सुविधा दी गई है जिनका प्रत्येक का वेतन 3,000 ₹ प्रतिमाह सरकार द्वारा भुगतान किया जा रहा है ।

(x) उन्हें 50,000 ₹ मूल्य का एक लैपटाप उनके कार्यालय संबंधी कार्यों तथा निजी उपयोग के लिए दिया गया है ।

(xi) 01.10.2018 को उन्होंने अपने नियोक्ता से दो लाख ₹ का ऋण मोटरकार खरीदने के लिए 6·25% की रियायती ब्याज दर पर लिया । इस ऋण की वापसी @ ₹ 10,000 प्रतिमाह 01.01.2019 से प्रारंभ हुई । 01.04.2018 को भारतीय स्टेट बैंक की ब्याज दर 9·25% थी ।

(xii) वर्षभर में मिस्टर एक्स की बचतें निम्नलिखित हैं :

(a) जीवन बीमा प्रीमियम :
स्वयं के लिए 10,500 ₹ (बीमा राशि दो लाख ₹)
पत्नी के लिए 12,000 ₹ (बीमा राशि एक लाख ₹)
माँ के लिए 8,000 ₹ (बीमा राशि एक लाख ₹)
वयस्क पुत्र के लिए 8,000 ₹ (जो उनके ऊपर आश्रित नहीं है परन्तु वह अयोग्यता से पीड़ित है), (बीमा राशि पचास हजार ₹)
सभी बीमा पालिसियां 2014-15 के पूर्व वर्ष में ली गयी थी ।

(b) पब्लिक प्रॉवीडेंट फंड में जमा किए – 5,000 ₹

(c) दूसरा पुत्र जो कालेज में पढ़ रहा है उसकी ट्यूशन फीस – 6,000 ₹

(d) जीवन बीमा निगम से मकान हेतु लिए गये ऋण की वापसी (मूल भाग) – 36,000 ₹

परिकलन कीजिए :

(i) वेतन आय

(ii) धारा 80 C के तहत कटौती के लिए अर्हक राशि ।

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

Mr. X is a Government employee at Ludhiana and is getting following emoluments :

(i) Salary – ₹ 30,000 per month

(ii) Dearness Allowance (enters) – 60% of salary

(iii) Contribution in Notified Pension Scheme – ₹ 3,000 per month

(iv) Employer's contribution to Pension Scheme – ₹ 3,000 per month

(v) Transport Allowance for commuting between home and office – ₹ 2,800 p.m.

(vi) Deputation Allowance (for 2 months) – ₹ 3,000 per month

(vii) Entertainment Allowance – ₹ 2,000 per month
(During the year, he spent ₹ 12,000 on entertainment of official guests)

(viii) He has been provided with a rent-free accommodation. The licence fee for the accommodation has been fixed at ₹ 2,000 per month. The government has also provided him with furniture items costing ₹ 1,00,000 (WDV – ₹ 75,000) for his personal use.

(ix) He has been provided with the facility of a servant and watchman w.e.f. 01.10.2018 and the government is paying ₹ 3,000 per month to each of these servants.

(x) A laptop costing ₹ 50,000 has been given to him for his official as well as personal purposes.

(xi) On 01.10.2018 he took a loan of ₹ 2,00,000 from his employer to buy a car at a concessional rate of interest of 6·25%. The repayment of loan started w.e.f. 01.01.2019 @ ₹ 10,000 per month. SBI rate of interest as on 01.04.2018 was 9·25%.

(xii) During the year savings made by Mr. X were :

(a) LIC Premium :
For Self ₹ 10,500 (sum assured ₹ 2,00,000)
For Spouse ₹ 12,000 (sum assured ₹ 1,00,000)
For Mother ₹ 8,000 (sum assured ₹ 1,00,000)
For Major Son ₹ 8,000 (not dependent on him but is suffering from disability) (sum assured ₹ 50,000)

All life insurance policies were taken in the previous year 2014-15.

(b) PPF Deposits : ₹ 5000

(c) Tuition Fees of Second Son studying in a College ₹ 6,000

(d) Repayment of Housing Loan from LIC (Principal Portion) – ₹ 36,000

Calculate :

(i) Salary Income

(ii) Qualifying amount for deduction U/S 80 C. 20

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

3.(b) बजटन से आप क्या समझते हैं ? एक प्रभावशाली बजट प्रणाली के आवश्यक तत्व क्या होते हैं ? इसकी परिसीमाएं क्या हैं ?

What do you understand by budgeting ? What are the essentials of effective budgeting system ? What are its limitations ? 15

3.(c) क्रिया आधारित लागत निर्धारण (ए.बी.सी.) प्रणाली क्या होती है ? यह परम्परागत लागत निर्धारण प्रणाली से किस प्रकार भिन्न है ? क्रिया आधारित लागत निर्धारण प्रणाली को लागू करने के चरणों को स्पष्ट कीजिए ।

What is Activity Based Costing (ABC) system ? How is it different from Traditional Costing System ? Explain the Steps to implement ABC system. 15

4.(a) मूल्य ह्रास की प्रकृति और आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए । मूल्य ह्रास की सीधी रेखाविधि (स्ट्रेट लाइन मैथड) और अधोलिखित मूल्यविधि (रिटन डाउन वैल्यू मैथड) के बीच विभेदन कीजिए । मूल्य ह्रास लेखांकन के AS-6 के अनुसार वित्तीय विवरणों में कौन से खुलासे किए जाने चाहिये ?

Explain the nature and need for depreciation. Distinguish between straight line method and diminishing balance method of depreciation. What disclosures are required to be made in financial statements as per AS-6 on depreciation accounting ? 20

4.(b) उत्तरदायित्व लेखांकन क्या है ? इसके क्रियान्वयन में पूर्वापेक्षाओं और समस्याओं को स्पष्ट कीजिए ।

What is Responsibility Accounting ? Explain the prerequisites and the problems in its implementation. 15

4.(c) समझाइए कि अन्वेषण लेखापरीक्षा से किस प्रकार भिन्न होता है ? किन परिस्थितियों में केन्द्रीय सरकार किसी कम्पनी के अन्वेषण का आदेश दे सकती है ?

Explain how investigation is different from that of Auditing. Under what circumstances the Central Government can order for investigation of a company ? 15

खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से प्रत्येक का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following in about 150 words each :

5.(a) "लाभ अधिकतमीकरण निवेश निर्णय का उचित उद्देश्य माना जाता है, किन्तु यह शेयरधारियों की सम्पदा को अधिकतमीकरण के समान एकान्तिक नहीं है ।" समीक्षा कीजिए ।

"Maximization of profits is regarded as the proper objective of investment decision, but it is not as exclusive as maximizing shareholders' wealth" — Comment. 10

5.(b) "फर्म को अत्यंत उच्च लाभांश भुगतान की नीति का अनुसरण करना चाहिए ।" क्या आप सहमत है ? क्यों अथवा क्यों नहीं ?

"A firm should follow a policy of very high dividend pay-out". Do you agree ? Why or why not ? 10

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

5.(c) ईबीआईटी-ईपीएस विश्लेषण में उदासीनता बिन्दु की व्याख्या कीजिए ।
Explain 'Indifference Point' (IP) in EBIT-EPS analysis. 10

5.(d) प्राथमिक बाजार और द्वितीयक बाजार के बीच विभेदन कीजिए ।
Distinguish between Primary Market and Secondary Market. 10

5.(e) "सहभागी निधि के माध्यम से प्रतिभूतियों में निवेश करना प्रत्यक्ष निवेश से बेहतर विकल्प है ।" इस कथन का परीक्षण कीजिए ।
"Investing in securities through Mutual Fund is a better choice than direct investment" — examine the statement. 10

6.(a) एक कम्पनी का प्रोफार्मा लागत पत्र निम्नलिखित विवरण प्रदान करता है :

कच्चे माल की लागत प्रति इकाई	–	₹ 70
प्रत्यक्ष श्रम की लागत प्रति इकाई	–	₹ 35
ऊपरी लागत प्रति इकाई	–	₹ 55
कुल लागत प्रति इकाई	–	₹ 160
लाभ प्रति इकाई	–	₹ 25
विक्रय मूल्य प्रति इकाई	–	₹ 185

अतिरिक्त जानकारी :

(i) कच्चा माल औसतन एक माह के लिए स्टॉक में रहता है ।

(ii) माल औसतन आधा महीना प्रक्रिया में रहता है ।

(iii) तैयार माल औसतन एक माह के लिए स्टॉक में रहता है ।

(iv) आपूर्तिकर्ताओं द्वारा एक माह का उधार स्वीकृत है ।

(v) देनदारों को दो माह का उधार स्वीकृत है ।

(vi) मजदूरी के भुगतान में $1\frac{1}{2}$ सप्ताह का विलम्ब होता है ।

(vii) उपरिव्ययों के भुगतान में एक माह की देरी होती है ।

(viii) एक-चौथाई उत्पादन नकद बेचा जाता है ।

(ix) हस्तस्थ और बैंक में रोकड़ 2,50,000 ₹ रहने की आशा की जाती है ।

आपको उत्पादन की 1,04,000 इकाइयों की क्रियाशीलता के स्तर का वित्त-पोषण करने के लिए आवश्यक कार्यशील पूँजी दर्शाते हुए एक विवरण तैयार करना है । आप यह मान सकते हैं कि उत्पादन वर्ष भर एक समान रूप से चलता है । मजदूरी और उपरिव्यय भी इसी प्रकार उपार्जित होते हैं और 52 सप्ताह 1 वर्ष के समतुल्य है । और चार सप्ताह एक माह के समतुल्य है ।

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

A proforma cost sheet of a company provides the following particulars :

Raw Material Cost per Unit	–	₹ 70
Direct Labour Cost per Unit	–	₹ 35
Overhead Cost per Unit	–	₹ 55
Total Cost per Unit	–	₹ 160
Profit per Unit	–	₹ 25
Selling price per Unit	–	₹ 185

Additional Information :

(i) Raw Materials are in stock on an average for 1 month.
(ii) Materials are in process on an average for $\frac{1}{2}$ month.
(iii) Finished goods are in stock on an average for 1 month.
(iv) Credit allowed by Suppliers is 1 month.
(v) Credit allowed to Debtors is 2 months.
(vi) Lag in payment of wages is $1\frac{1}{2}$ weeks.
(vii) Lag in payment of Overhead expenses is 1 month.
(viii) $\frac{1}{4}$th of the output is sold against cash.
(ix) Cash in hand and at bank is expected to be ₹ 2,50,000.

You are required to prepare a statement showing the working capital needed to finance a level of activity of 1,04,000 Units of production. You may assume that production is carried on evenly throughout the year, wages and overheads accrue similarly and a time period of 52 weeks is equivalent to a year and 4 weeks is equivalent to a month. 20

6.(b) निम्नलिखित सूचनाओं से, प्रत्यक्ष विधि का इस्तेमाल करते हुए, एक फर्म को परिचालन क्रियाकलापों से रोकड़ प्रवाह का परिकलन कीजिए :

(मार्च 31, 2019 वर्ष की समाप्ति तक)

बेचे गये माल की लागत	–	₹ 1,00,000
बिक्रियां	–	₹ 1,50,000
वेतन	–	₹ 12,000
बीमा प्रीमियम	–	₹ 3,000
मूल्यह्रास	–	₹ 10,000

अतिरिक्त सूचनाएँ :

विवरण	**01.04.2018**	**01.04.2019**
देनदार	₹ 18,000	₹ 25,000
प्राप्य बिल	₹ 7,000	₹ 4,000
लेंनदार	₹ 8,000	₹ 6,000
स्टाक	₹ 20,000	₹ 25,000
अदत्त वेतन	₹ 2,000	₹ 3,000
पूर्वदत्त बीमा प्रीमियम	₹ 1,000	₹ 1,000

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

From the following information of a firm, calculate the cashflow from operating activities by applying Direct Method :

(For the year ended March 31, 2019)

Cost of Goods sold	–	₹ 1,00,000
Sales	–	₹ 1,50,000
Salaries	–	₹ 12,000
Insurance Premium	–	₹ 3,000
Depreciation	–	₹ 10,000

Additional Information :

Particulars	**01.04.2018**	**01.04.2019**
Debtors	₹ 18,000	₹ 25,000
Bills Receivables	₹ 7,000	₹ 4,000
Creditors	₹ 8,000	₹ 6,000
Stock	₹ 20,000	₹ 25,000
Salaries Outstanding	₹ 2,000	₹ 3,000
Prepaid Insurance Premium	₹ 1,000	₹ 1,000

15

6.(c) पूंजी संरचना निर्णयन से संबंधित निवल आय उपागम को स्पष्ट कीजिए ।

Illustrate the Net Income Approach relating to capital structure decision making. 15

7.(a) आकाश लिमिटेड अपनी निवेश योजनाओं को पूरा करने के लिए 10 लाख ₹ का अतिरिक्त वित्त जुटाना चाहती है । कम्पनी के पास निवेश के उद्देश्य हेतु प्रतिधारित आय के रूप में 2,10,000 ₹ उपलब्ध हैं । अतिरिक्त ब्योरे निम्नलिखित हैं :

(i) ऋण – ईक्विटी मिश्रण	–	30% – 70%
(ii) ऋण की लागत ₹ 1,80,000 तक	–	10% (कर से पहले)
(iii) ऋण की लागत ₹ 1,80,000 के बाद	–	16% (कर से पहले)
(iv) आय प्रति शेयर	–	₹ 4
(v) लाभांश भुगतान	–	50% (आय का)
(vi) लाभांश में अपेक्षित विकास दर	–	10%
(vii) वर्तमान बाज़ार मूल्य प्रति शेयर	–	₹ 44
(viii) कर की दर	–	50%

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

आपको निम्नलिखित करना है :

(a) अतिरिक्त वित्त जुटाने हेतु प्रतिरूप निर्धारण ।

(b) अतिरिक्त ऋणों की कर-पश्चात् औसत लागत का निर्धारण ।

(c) प्रतिधारित आय एवं ईक्विटी पूँजी की लागत का निर्धारण ।

(d) अतिरिक्त वित्त की कर-पश्चात् समग्र भारांकित औसत लागत का परिकलन ।

Akash Limited wishes to raise additional finance of ₹ 10 lakh for meeting its investment plans. It has ₹ 2,10,000 in the form of retained earnings available for investment purposes. The following are the further details :

(i) Debt – Equity Mix	–	30% – 70%
(ii) Cost of Debt up to ₹ 1,80,000	–	10% (before tax)
(iii) Cost of Debt beyond ₹ 1,80,000	–	16% (before tax)
(iv) Earnings per share	–	₹ 4
(v) Dividend pay out	–	50% of earnings
(vi) Expected growth rate in dividend	–	10%
(vii) Current market price per share	–	₹ 44
(viii) Tax Rate	–	50%

You are required to :

(a) Determine the pattern for raising the additional finance.

(b) Determine the post-tax average cost of additional debts.

(c) Determine the cost of retained earnings and cost of equity.

(d) Compute the overall weighted average after tax cost of additional finance.

20

7.(b) निम्नलिखित जानकारी से आपको 31 मार्च 2019 का 'ए' लिमिटेड का तुलनपत्र तैयार करना है :

चालू अनुपात	–	1·60 : 1
तरल अनुपात	–	1·10 : 1
मालसूची आवर्त	–	6 गुना
सकल लाभ अनुपात	–	20%
ऋण संग्रह अवधि	–	1·92 महीने
स्थिर परिसंपत्ति आवर्त	–	1·25 गुना
आरक्षितियां एवं आधिक्य का पूंजी से अनुपात	–	0·25 : 1
दीर्घकालीन ऋण का शुद्ध मूल्य से अनुपात	–	0·5 : 1
स्थिर परिसंपत्ति का शुद्ध मूल्य से अनुपात	–	1·20 : 1
वर्ष के दौरान विक्रय	–	7,50,000 ₹

Downloaded From: http://www.dhyeyaias.com

From the following information, you are required to prepare the balance sheet of A Ltd as on March 31, 2019 :

Current Ratio	–	1·60 : 1	
Liquid Ratio	–	1·10 : 1	
Inventory Turnover	–	6 times	
Gross Profit Ratio	–	20%	
Debt Collection Period	–	1·92 months	
Fixed Assets Turnover	–	1·25 times	
Reserves and Surplus to Capital	–	0·25 : 1	
Long Term Loan to Net worth	–	0·5 : 1	
Fixed Assets to Net worth	–	1·20 : 1	
Sales for the year	–	₹ 7,50,000	15

7.(c) सी.ए.पी.एम. क्या है ? सी.ए.पी.एम. समीकरण के घटक क्या-क्या हैं ? प्रत्येक घटक का अर्थ समझाएं । यह हमें एक जोखिम भरे निवेश पर आवश्यक प्रतिफल के बारे में क्या बताता है ?

What is CAPM ? What are the components of CAPM equation ? Explain the meaning of each component. What does it tell us about the required return on a risky investment ? 15

8.(a) कॉर्पोरेट पुनर्गठन से आपका क्या मतलब है ? इसके उद्देश्यों की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए । कॉर्पोरेट पुनर्गठन के लिए इस्तेमाल की जाने वाली विभिन्न तकनीकों को स्पष्ट कीजिए ।

What do you mean by corporate restructuring ? Outline its objectives. Explain the various techniques used for corporate restructuring. 20

8.(b) 'मुद्रा बाज़ार' क्या है ? इसके अभिलक्षणों और प्रकार्यों पर चर्चा कीजिए ।

What is 'Money Market' ? Discuss its features and functions. 15

8.(c) वाणिज्यिक बैंक के विभिन्न प्रकार्यों पर चर्चा कीजिए ।

Discuss the various functions of a commercial bank. 15

Dhyeya IAS Now on Telegram

Join Dhyeya IAS Telegram Channel from link the given below

https://t.me/dhyeya_ias_study_material

नोट : पहले अपने फ़ोन में टेलीग्राम App Play Store से Install कर ले उसके बाद लिंक में क्लिक करें जिससे सीधे आप हमारे चैनल में पहुँच जायेंगे।

You can also join Telegram Channel through our website

www.dhyeyaias.com

www.dhyeyaias.in

ध्येय IAS
most trusted since 2003

Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009
Phone No: 011-47354625/ 26 , 9205274741/42, 011-49274400

Subscribe Dhyeya IAS Email Newsletter
(ध्येय IAS ई-मेल न्यूजलेटर सब्स्क्राइब करें)

जो विद्यार्थी ध्येय IAS के व्हाट्सएप ग्रुप (Whatsapp Group) से जुड़े हुये हैं और उनको दैनिक अध्ययन सामग्री प्राप्त होने में समस्या हो रही है | तो आप हमारेईमेल लिंक Subscribe कर ले इससे आपको प्रतिदिन अध्ययन सामग्री का लिंक मेल में प्राप्त होता रहेगा | **ईमेल से Subscribe करने के बाद मेल में प्राप्त लिंक को क्लिक करके पुष्टि (Verify) जरूर करें अन्यथा आपको प्रतिदिन मेल में अध्ययन सामग्री प्राप्त नहीं होगी |**

नोट (Note): अगर आपको हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यम में अध्ययन सामग्री प्राप्त करनी है, तो आपको दोनों में अपनी ईमेल से Subscribe करना पड़ेगा | आप दोनों माध्यम के लिए एक ही ईमेल से जुड़ सकते हैं |



ध्येय IAS
most trusted since 2003
Address: 635, Ground Floor, Main Road, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi 110009
Phone No: 011-47354625/ 26 , 9205274741/42, 011-49274400